ओम् शान्ति 10-06-26 मधुबन

# 15 अक्टूबर-2026 से 19 मार्च 2027 तक - अव्यक्ति मिलन के अलौकिक कार्यक्रम में पधारने के लिए मधुर याद पत्र

**प्राणप्यारे** अव्यक्त बापदादा के अति लाडले, सदा परमात्म प्यार और पालना में पलने वाले, अपने दिल रूपी डिब्बी में दिलाराम को बिठाने वाली निमित्त टीचर्स बहिनें तथा देश विदेश के सभी बाबा के नूरे रत्न, ब्राह्मण कुल भूषण भाई बहिनें,

ईश्वरीय स्नेह भरी मधुर याद स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - वर्तमान समय आप सभी विशेष अपने-अपने स्थानों पर शक्तिशाली योग तपस्या कर रहे होंगे। जैसाकि मधुबन से आप सबके पास जून-जुलाई मास के लिए विशेष होमवर्क भेजा जा रहा है, उसी प्रमाण मन और मुख का मौन रख विशेष योग की गहन अनुभूतियां करते, सदा निर्विघ्न स्थिति में रह प्रकृति सहित सर्व आत्माओं को मन्सा सकाश देने की सेवा करनी है। मीठे बाबा ने हम सबको अचानक के पहले एवररेडी रहने का पाठ पढ़ाया है। बाबा कहते बच्चे, विस्तार को एक सेकण्ड में समेटकर इस देह और देह की दुनिया से डिटैच हो अशरीरी स्थिति का अनुभव करो और कराओ। विश्व में बढ़ती हुई अनेक प्रकार की हलचल के बीच आप अपनी अचल अडोल एकरस स्थिति में स्थित रह सर्व आत्माओं को शान्ति और शक्ति की सकाश दो। यही वर्तमान समय की पुकार है।

बाकी मधुबन के भिन्न-भिन्न स्थानों पर लगातार योग साधना वा राजयोग शिविर आदि के कार्यक्रम चलते रहते हैं। जुलाई अगस्त मास में टीचर्स बहिनों और समर्पित भाईयों के लिए योग भट्ठियां रखी गई हैं। ज्ञान सरोवर में विंग्स के कार्यक्रम, सेमीनार आदि सितम्बर मास तक चलते रहेंगे। इसके पश्चात हर वर्ष की भांति 15 अक्टूबर 2026 से 19 मार्च 2027 तक 10 ग्रुप में, देश-विदेश में रहने वाले बाबा के बच्चे, जो एक वर्ष से अधिक समय से नियमित मुरली सुनते तथा सभी ईश्वरीय नियम और मर्यादाओं का पालन करते हैं, ऐसे धारणामूर्त ब्राह्मण बच्चों के लिए शान्तिवन के विशाल डायमण्ड हॉल में अव्यक्त मिलन की अलौकिक सुखदाई सीजन रहेगी।

बापदादा वा सभी पूर्वज महारथियों की सूक्ष्म सकाश, मधुबन के कण-कण से उनकी दिव्य शक्तियां व पवित्र वायब्रेशन पूरे दैवी परिवार को सदा आकर्षित करते हैं। हर एक की इच्छा होती कि साल में एक बार तो हम बाबा के घर में अव्यक्ति अनुभूतियां करने तथा अपने दैवी परिवार से मिलन मनाने वा रूहरिहान करने के लिए जरूर जायें। सभी यहाँ आकर खूब रिफ्रेश हो, भरपूर होकर जाते हैं।

अत: सभी नये पुराने बाबा के बच्चों को अपने टर्न अनुसार मधुबन घर में पधारने के लिए विशेष हार्दिक निमन्त्रण है। सभी के आने जाने की तिथि, ज़ोनवाइज सेवा के टर्न तथा हर टर्न में आने वालों की संख्या बांटकर आप सबके पास भेजी जा रही है। टीचर्स बहिनें इसी प्रोग्राम प्रमाण अपने भाई बहिनों के आने जाने का कार्यक्रम बनाकर आवास-निवास विभाग में उनका रजिस्ट्रेशन अवश्य करवायें। अच्छा - सभी को बहुत-बहुत याद...

ईश्वरीय सेवा में,

**बी.के. मोहिनी/बी.के.मुन्नी**

# बापदादा मिलन के लिए ज़ोन वाईज़ संख्या 2026-2027

**ग्रुप नम्बर 1**

12 अक्टूबर आना **15 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) बापदादा** 17 अक्टूबर जाना

**सेवा टर्न** - पंजाब **पार्टी** - इन्दौर (हेमा बहन), मुम्बई **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 2**

14 नवम्बर आना **17 नवम्बर 2026 (मंगलवार) बापदादा** 19 नवम्बर जाना

**सेवा टर्न** - कर्नाटक **पार्टी** - तामिलनाडु, नेपाल (काठमाण्डू), इन्दौर (आरती बहन) **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 3**

27 नवम्बर आना **30 नवम्बर 2026 (सोमवार) बापदादा** 02 दिसम्बर जाना

**सेवा टर्न** - उत्तरप्रदेश, बनारस, प.नेपाल **पार्टी**- ईस्टर्न, राजस्थान, आंध्र प्रदेश **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 4**

12 दिसम्बर आना **15 दिसम्बर 2026 (मंगलवार) बापदादा** 17 दिसम्बर जाना

**सेवा टर्न** - दिल्ली, आगरा **पार्टी**- भोपाल **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 5**

28 दिसम्बर आना **31 दिसम्बर 2026 (गुरुवार) बापदादा** 02 जनवरी जाना

**सेवा टर्न** - गुजरात **पार्टी**- महाराष्ट्र **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 6**

15 जनवरी आना **18 जनवरी 2027 (सोमवार) बापदादा** 20 जनवरी जाना

**सेवा टर्न** - इन्दौर (हेमा बहन) **पार्टी** - पंजाब, उत्तरप्रदेश, बनारस, प.नेपाल **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 7**

29 जनवरी आना **01 फरवरी 2027 (सोमवार) बापदादा** 03 फरवरी जाना

**सेवा टर्न** - ईस्टर्न, नेपाल (काठमाण्डू) **पार्टी** - आगरा **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 8**

11 फरवरी आना **14 फरवरी 2027 (रविवार) बापदादा** 16 फरवरी जाना

**सेवा टर्न** - तामिलनाडु, राजस्थान **पार्टी** - गुजरात, कर्नाटक **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 9**

02 मार्च आना **05 मार्च 2027 (शुक्रवार) बापदादा** 07 मार्च जाना

**सेवा टर्न** - इन्दौर (आरती बहन), भोपाल **पार्टी** - दिल्ली, तामिलनाडु **टोटल** 17,000

**ग्रुप नम्बर 10**

16 मार्च आना **19 मार्च 2027 (शुक्रवार) बापदादा** 21 मार्च जाना

**सेवा टर्न** - महाराष्ट्र, मुम्बई, आंध्र प्रदेश **पार्टी** - नेपाल (काठमाण्डू) **टोटल** 17,000

## -: टीचर्स बहनों से विशेष अनुरोध :-

1) बापदादा से मंगल मिलन मनाने के लिए इस सीज़न में 10 टर्न बनाये गए हैं। आपको जो भी संख्या दी गई है उसी अनुसार आप अपने टर्न में आयेंगे। कोई भी ज़ोन को अपने टर्न के अलावा किसी भी दूसरे ज़ोन के टर्न में आने की स्वीकृति नहीं है।

2) ब्राह्मण परिवार की वृद्धि को देखते हुए पहले नयों को चांस देना है, बाकी आपके ज़ोन को जो संख्या दी गई है उस अनुसार ज़ोन एवं मुख्य सेवाकेन्द्र इन्चार्ज अपने सेवाकेद्रों तथा उप-सेवाकेंद्रों को आवास निवास की वेबसाइट में ऑनलाइन संख्या बांटकर देवें। उसके बाद ही वह ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। अगर संख्या बढ़ती है तो उनको ज़ोन वाले ही मना करें, सभी अपने ज़ोन/मुख्य सेवाकेन्द्र की स्वीकृति से ही मधुबन आयें।

3) बापदादा से मिलने उन्हीं भाई-बहनों को लाना है जो कम से कम 12 मास से सभी ईश्वरीय नियम एवं मर्यादाओं की पालना कर रहे हैं, विशेष ब्रह्मचर्य व्रत की पालना, शुद्ध अन्न, नियमित ज्ञान-योग की क्लासेज़ करते हैं, पक्के निश्चय बुद्धि हैं वही बापदादा से मिलने आयें। किसी भी स्नेही सहयोगी को अथवा मित्र-सम्बन्धी, वी.आई.पी. को बाबा की सीज़न में बाबा मिलन या मधुबन दिखानें नहीं लाना है, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

4) हर एक भाई-बहन से हर वर्ष धारणा का फार्म भरकर सेन्टर पर अवश्य रखें। जिसके आधार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते समय उनकी डिटेल भरना सहज होगा।

5) आपको मिली हुई सूचना के अनुसार बापदादा मिलन की निर्धारित तिथि के कम से कम 3 मास पहले ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरु हो जाता है। निर्धारित समय के 45 दिन पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बन्द हो जायेगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नम्बर मिलने के बाद ही प्रिन्ट निकालें और आते समय गाईड/टीचर्स उस कॉपी को अवश्य साथ लेकर आये, उसी आधार से ही आवास-निवास प्राप्त होगा।

6) **सेवाधारियों के लिए आने-जाने की तारीख ई-मेल से सभी के पास भेजी जा रही है,** उस तारीख पर केवल सेवाधारी ही आने-जाने की रिज़र्वेशन करायें, बाकी पार्टी में आने वाले भाई-बहनें अपनी मिली हुई निर्धारित तिथि अनुसार ही आने-जाने का कार्यक्रम बनायें।

7) समर्पित टीचर्स बहनें और समर्पित भाई जब भी मधुबन आते हैं तो उस समय आवास-निवास ऑफिस, शान्तिवन से प्राप्त हुआ बैज अपने साथ अवश्य लेकर आयें और बैज को गले में अवश्य पहन करके रखें। बाबा मिलन में जो भी भाई-बहनें मधुबन आते हैं वे सभी अपना सरकारी पहचान पत्र साथ में अवश्य लेकर आयें।

**विशेष नोट :-**

1) टीचर्स बहनें कृपया यह सभी सूचनायें अपने क्लास में तथा अपने सम्बंधित गीता पाठशाला व क्लासेज़ में भी सभी भाई-बहनों को पढ़कर अवश्य सुनायें।

2) अक्टूबर 2026 से मार्च 2027 तक बापदादा मिलन प्रोग्राम के बीच में कोई भी विंग्स के अथवा कोई भी नॉन बीके प्रोग्राम नहीं रखे गये है। अत: कोई भी अन्य कार्यक्रम के लिए रिक्वेस्ट ना करें। धन्यवाद।

# धारणा फॉर्म

## बापदादा मिलन में आने वाले भाई-बहनों के लिए फॉर्म

| क्र. सं. | नाम | आयु | भाई/बहन M/F | ज्ञान में कब से | ब्राह्मण जीवन की मर्यादायें, विशेष पवित्रता की पालना कब से ? | खानपान की शुद्धि कब से ? | नियमित क्लास करते हैं ? कब से ? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | |
| 6. | | | | | | | |
| 7. | | | | | | | |
| 8. | | | | | | | |
| 9. | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | |
| 11. | | | | | | | |
| 12. | | | | | | | |
| 13. | | | | | | | |
| 14. | | | | | | | |
| 15. | | | | | | | |
| 16. | | | | | | | |
| 17. | | | | | | | |
| 18. | | | | | | | |
| 19. | | | | | | | |
| 20. | | | | | | | |
| 21. | | | | | | | |
| 22. | | | | | | | |
| 23. | | | | | | | |
| 24. | | | | | | | |
| 25. | | | | | | | |
| 26. | | | | | | | |
| 27. | | | | | | | |
| 28. | | | | | | | |
| 29. | | | | | | | |
| 30. | | | | | | | |

**नोट:-** टीचर्स बहनें हर एक भाई-बहन से यह धारणा का फार्म भरकर सेन्टर पर अवश्य रखें। जिसके आधार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते समय उनकी डिटेल भरना सहज होगा।